**आनंदालय**

**सामयिक परीक्षा - 2**

**कक्षा : सातवीं**

विद्या सवर्थि साधिका

| | |
|---|---|
| विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 50 |
| दिनांक : 23-09-2023 | अधिकतम समय : 2 घंटा |

सामान्य निर्देश :-

यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ', और 'ब'

खंड 'अ' में कुल पाँच बहुविकल्पीय प्रश्न (उप प्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में तीन वर्णनात्मक (उप प्रश्नों सहित) प्रश्न हैं |

प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |

4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |

5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

**खंड- 'अ'**

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

मानव जाति को अन्य जीवधारियों से अलग करके महत्त्व प्रदान करने वाला जो एकमात्र गुरु है, वह है उसकी विचार-शक्ति। मनुष्य के पास बुद्धि है, विवेक है, तर्कशक्ति है अर्थात उसके पास विचारों की अमूल्य पूँजी है। अपने सविचारों की नींव पर ही आज मानव ने अपनी श्रेष्ठता की स्थापना की है और मानव-सभ्यता का विशाल महल खड़ा किया है। यही कारण है कि विचारशील मनुष्य के पास जब सुविचारों का अभाव रहता है तो उसका वह शून्य मानस कुविचारों से ग्रस्त होकर एक प्रकार से शैतान के वशीभूत हो जाता है। मानवी बुद्धि जब सद्भावों से प्रेरित होकर कल्याणकारी योजनाओं में प्रवृत्त रहती है तो उसकी सदाशयता का कोई अंत नहीं होता, किंतु जब वहाँ कुविचार अपना घर बना लेते हैं तो उसकी पाशविक प्रवृत्तियाँ उस पर हावी हो उठती हैं। हिंसा और पापाचार का दानवी साम्राज्य इस बात का द्योतक है कि मानव की विचार-शक्ति, जो उसे पशु बनने से रोकती है, उसका साथ देती है।

(i) मानव जाति को महत्त्व देने में किसका योगदान है ?

(क) शारीरिक शक्ति का (ख) परिश्रम और उत्साह का

(ग) विवेक और विचारों का (घ) मानव सभ्यता का

(ii) विचारों की पूँजी में शामिल नहीं है -

(क) उत्साह (ख) विवेक (ग) तर्क (घ) बुद्धि

(iii) मानव में पाशविक प्रवृत्तियाँ क्यों जागृत होती हैं ?

(क) हिंसाबुद्धि के कारण (ख) असत्य बोलने के कारण

(ग) कुविचारों के कारण (घ) स्वार्थ के कारण

(iv) "मनुष्य के पास बुद्धि है, विवेक है, तर्कशक्ति है" इस वाक्य में उद्धरण विराम चिह्न है -

(क) , (ख) ; (ग) " " (घ) |

(v) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है

(क) मनुष्य का गुरु (ख) विवेक शक्ति

(ग) दानवी शक्ति (घ) पाशविक प्रवृत्ति

2. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

उठो धरा के अमर सपूतो
पुनः नया निर्माण करो।
जन-जन के जीवन में फिर से
नई स्फूर्ति, नव प्राण भरो।
नया प्रातः है, नई बात है,
नई किरण है, ज्योति नई।
नई उमंगें, नई तरंगें,
नई आस है, साँस नई।
युग-युग के मुरझे सुमनों में,
नई-नई मुसकान भरो।
डाल-डाल पर बैठ विहग कुछ
नए स्वरों में गाते हैं।
गुन-गुन, गुन-गुन करते भौंरे
मस्त हुए मँडराते हैं।
नवयुग की नूतन वीणा में
नया राग, नवगान भरो।

(i) कवि ने धरा के अमर सपूतों को क्या करने के लिए कहा है ?
(क) नया निर्माण करने के लिए (ख) जीवन में नई स्फूर्ति भरने के लिए
(ग) जीवन में नए प्राण भरने के लिए (घ) उपर्युक्त सभी

(ii) कवि "युगों-युगों के मुरझाए सुमनों में ..............." भरने के लिए कहता है।
(क) शक्ति (ख) नई-नई मुसकान
(ग) नफ़रत (घ) ईर्ष्या

(iii) 'डाल-डाल' में अलंकार है -
(क) अनुप्रास (ख) यमक
(ग) पुनरुक्ति प्रकाश (घ) उपमेय

(iv) कवि किसमें नया राग और नया गान भरने के लिए कहता है ?
(क) नवयुग में (ख) नवयुग की नूतन वीणा में
(ग) सागर में (घ) नूतन वीणा में

(v) 'मुरझे सुमनों' का वास्तविक अर्थ क्या होगा ?
(क) मुरझाए हुए सुमन (ख) मुरझाए हुए फूल
(ग) निराशा से भरे हुए सुन्दर मन (घ) मुरझाए हुए सुन्दर मन

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x12=12)

(i) 'परिश्रम के चलते हम चाँद और मंगल पर जा सके हैं |' वाक्य में अनुनासिक युक्त शब्द है -
(क) मंगल (ख) चलते (ग) चाँद (घ) परिश्रम

(ii) 'आज का अख़बार राजनीतिक दंगल से भरा पड़ा है |' वाक्य में अनुस्वार वाला शब्द है -

(क) दंगल (ख) अख़बार (ग) राजनीतिक (घ) पड़ा

(iii) 'गरमाहट' शब्द में प्रत्यय है -

(क) गर (ख) माहट (ग) हट (घ) आहाट

(iv) 'अपमान' शब्द में उपसर्ग है -

(क) मान (ख) आन (ग) अपम (घ) अप

(v) 'बेणुगोपाल खर्राटे लेकर सो रहा है' वाक्य क्रिया का भेद है -

(क) द्विकर्मक (ख) अकर्मक (ग) सकर्मक (घ) सरल

(vi) 'दिनेश बाज़ार से पाँच किलो आम ले आया |' वाक्य में विशेषण का भेद है -

(क) गुणवाचक (ख) संख्यावाचक (ग) परिमाणवाचक (घ) सार्वनामिक

(vii) 'अ + म् + ऋ + त् + अ' वर्ण-विच्छेद का सार्थक शब्द है -

(क) अम्रित (ख) अमरित (ग) अमरत (घ) अमृत

(viii) 'वह राजा का पुत्र है |' वाक्य में कारक का भेद है -

(क) करण कारक (ख) सम्प्रदान कारक (ग) अपादान कारक (घ) संबंध कारक

(ix) अर्द्ध विराम चिह्न है -

(क) , (ख) | (ग) ; (घ) :

(x) 'वह कल आएगा |' वाक्य में काल का भेद है -

(क) वर्तमान (ख) भूत (ग) भविष्य (घ) अनिश्चित

(xi) 'वन + ओषधि' का संधि है -

(क) वनोषधि (ख) वन और औषधि (ग) वन की औषधि (घ) वनौषधि

(xii) 'रामावतार' का संधि-विच्छेद है -

(क) रामा+अवतार (ख) रम+अवतार (ग) राम+अवतार (घ) रामा+आवतार

4. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (1x4=4)

(i) कठपुतली को किस बात का दुःख था ?

(क) हरदम हँसने का (ख) दूसरों के इशारों पर नाचने का

(ग) हरदम खेलने का (घ) हरदम धागा खींचने का

(ii) यासुकी-चान किस बीमारी से पीड़ित था ?

(क) टी.बी. (ख) पोलियो

(ग) दमा का (घ) फेफड़े का

(iii) ढाबा संस्कृति कहाँ तक फैल चुकी है ?

(क) दक्षिण भारत (ख) उत्तर भारत तक

(ग) पूरे देश में (घ) कहीं नहीं।

(iv) अँधेरे की तुलना किससे की गई थी ?

(क) झुंड में बैठी भेड़ से (ख) चिलम से (ग) भेड़ों से (घ) किसान से

5. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

पोस्टर पर बनी नाचनेवाली आती हैं। लड़की और औरत दोनों मिलकर नाचने लगाती है। सभी दाद देते हैं । नाच खूब रंग में आता है । सभी भाग लेते हैं पर बीच में ही एक-दूसरे के कान में कुछ फुसफुसाते हैं । पुन: नाचते हैं । दाद देते हैं । तभी वह दुष्ट आदमी आता है । देखते हीं सब नि:स्तब्ध हो जाते हैं । नाचनेवाली पोस्टर के बीच जा खड़ी होती है । सभी अपनी-अपनी जगह पर और वह लड़की घबराकर पेड़ के पीछे दुबक जाती है ।

(i) सबसे पहले कौन दो लोग नाचते हैं -

(क) औरत व खंभा (ख) लड़की व औरत (ग) पेड़ व खम्भा (घ) लैटरबॉक्स

(ii) नाच के बीच में कौन आता है ?

(क) दुष्ट महिला (ख) दुष्ट आदमी (ग) बुरी महिला (घ) बुरा आदमी

(iii) नाचनेवाली किसके बीच जाकर खड़ी हो जाती है ?

(क) घर के (ख) फुटपाथ के (ग) खम्भे के (घ) पोस्टर के

(iv) किसके कहने पर खम्भा किसी प्रकार बैठता है ?

(क) पेड़ (ख) लैटरबॉक्स (ग) लड़की (घ) खम्भा

(v) नाटक के लेखक हैं -

(क) यतीश अग्रवाल (ख) उमाशंकर अग्रवाल (ग) भवानी प्रसाद मिश्र (घ) नागार्जुन

**खंड - ब**

6. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) 'कठपुतली' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

(ii) कविता में चित्रित शाम और सूर्यास्त के दृश्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(iii) विकलांगों के प्रति हमारी सोच कैसी होनी चाहिए ? स्पष्ट कीजिए ।

(iv) खानपान की नई संस्कृति का नकारात्मक पहलू क्या है ? अपने शब्दों में लिखिए।

7. (क) अपने पिता जी को कारण बताते हुए 1500/- रुपये की माँग करते हुए 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए । (5x1=5)

अथवा

(ख) आपके जन्म दिन पर आपके मामा जी ने आपको एक सुंदर उपहार भेजा है। इस उपहार के लिए धन्यवाद एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

8. 'भारत मोबाइल' फ़ोन बनाने वाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन 30-40 शब्दों में तैयार कीजिए । (5x1=5)

अथवा

अपने घर का 'पुराना कूलर' बेचने हेतु एक विज्ञापन 30-40 शब्दों में तैयार कीजिए ।